भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **2710** जिसका उत्तर

मंगलवार, 11 अगस्त, 2026 (20 श्रावण, 1948 (शक)) को दिया जाना है

लाइटहाउस पर्यटन और समुद्री विरासत

2710 # डा. दिनेश शर्मा:

श्री कणाद पुरकायस्थ:

श्री अमर पाल मौर्य:

क्या पत्तन पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा लाइटहाउसों को पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित करने के लिए किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है;

(ख) लाइटहाउस पर्यटन पहल के अंतर्गत वर्तमान प्रकाशस्तंभों पर विकसित की गई सुविधाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में लाइटहाउस पर्यटन तथा विरासत संरक्षण के समर्थन में उपलब्ध विधायी ढांचे का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्षेत्रीय पर्यटन एवं आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए लाइटहाउस पर्यटन सर्किट के विकास के अंतर्गत प्रस्तावित पहलों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री

(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (घ): दीपस्तंभ मुख्यतत: सुरक्षित एवं कुशल मैरीटाइम नौचालन सुनिश्चित करने के लिए नौचालन हेतु सामुद्रिक सहायता के रूप में कार्य करते हैं। इस मूलभूत कार्य के अतिरिक्त, सरकार दीपस्तंभ पर्यटन को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है जो नौचालन सामुद्रिक सहायता अधिनियम, 2021 की धारा 23 के तहत भारत की समुद्री विरासत को संरक्षित करने, शैक्षिक, सांस्कृतिक व पर्यटन प्रयोजनों को बढ़ावा देने संबंधी इसके विज़न के अनुरूप है।

इस पहल के भाग रूप में दीपस्तंभ प्रौद्योगिकी के विकास और भारत की समुद्री विरासत को प्रदर्शित करने के लिए चैन्ने, महाबलीपुरम, अलापुझा, कन्नूर, मटम, द्वारका व गोपनाथ में दीपस्तंभ संग्रहालय स्थापित किए गए हैं। इस पहल के तहत सरकार के अपने ऐतिहासिक और वास्तुशिल्पीय महत्व को संरक्षित करने के विज़न के रूप में, पूरे देश के 75 दीपस्तंभों में पर्यटन सुविधाएं विकसित किए गए हैं। चिह्नित दीपस्तंभों पर कैफेटेरिया, भूदृश्य उद्यान, गज़ेबो, बाल क्रीडा क्षेत्र, प्रकाश और ध्वनि शो, आंतरिक मार्ग, सार्वजनिक शौचालय ब्लॉक, पेयजल सुविधाएं, एम्फीथिएटर और लिफ्ट जैसी पर्यटन सुविधाएं विकसित की गई हैं। पर्यटन सुविधाओं से युक्त दीपस्तंभों की सूची **अनुबंध** के रूप में संलग्न है।

अनुबंध

पर्यटन के प्रयोजनार्थ विकसित किए गए 75 दीपस्तंभ की राज्य-वार सूची

क्र.सं.	राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र	दीपस्तंभ का नाम
1	गुजरात	मांडवी दीपस्तंभ, रावलपीर दीपस्तंभ, सामियानी दीपस्तंभ, ओखा दीपस्तंभ, काच्छीगढ़ दीपस्तंभ, पोरबंदर दीपस्तंभ, मंगरोल दीपस्तंभ, जाफराबाद दीपस्तंभ, जेगरी दीपस्तंभ, अलंग दीपस्तंभ, घोघा दीपस्तंभ, हजीरा दीपस्तंभ, वलसाड खादी दीपस्तंभ, गोपनाथ दीपस्तंभ, वेरावल दीपस्तंभ, द्वारका दीपस्तंभ, उमरगांव दीपस्तंभ।
2	गोवा	अगुआडा दीपस्तंभ,
3	कर्नाटक	तादरी दीपस्तंभ, भटकल दीपस्तंभ, कौप दीपस्तंभ, सुरथकल दीपस्तंभ, कुंडापुर दीपस्तंभ।
4	केरल	कन्नूर दीपस्तंभ, पोन्नानी दीपस्तंभ, चेतवई दीपस्तंभ, वाइपिन दीपस्तंभ, अलाप्पुझा दीपस्तंभ, वलियाझिकल दीपस्तंभ, थंगासेरी दीपस्तंभ, अंजेंगो दीपस्तंभ, विझिंजम दीपस्तंभ, अझिकोड दीपस्तंभ, कडालूर पॉइंट दीपस्तंभ।
5	तमिलनाडु	कन्याकुमारी दीपस्तंभ, कुथेनकुली दीपस्तंभ, मनप्पाड दीपस्तंभ, किलक्करई दीपस्तंभ, धनुषकोडी दीपस्तंभ, पम्बन दीपस्तंभ, कराईकल दीपस्तंभ, मल्लीपट्टिनम दीपस्तंभ, कोडिक्कराई दीपस्तंभ, नागपट्टिनम दीपस्तंभ, पूमपुहार दीपस्तंभ, पुलिकट दीपस्तंभ, मुट्टम पॉइंट दीपस्तंभ, महाबलीपुरम दीपस्तंभ, चैन्ने दीपस्तंभ।
6	आंध्र प्रदेश	रामायपट्टनम दीपस्तंभ, मछलीपट्टनम दीपस्तंभ, अंतरवेदी दीपस्तंभ, सैक्रामेंटो दीपस्तंभ, वकलापुडी दीपस्तंभ, सांतापल्ली दीपस्तंभ, कलिंगपट्टनम दीपस्तंभ, बरुवा दीपस्तंभ, वोडारेवु दीपस्तंभ, पुदीमदका दीपस्तंभ।
7	ओडिशा	गोपालपुर दीपस्तंभ, पुरी दीपस्तंभ, चंद्रभागा दीपस्तंभ, पारादीप दीपस्तंभ, फॉल्स पॉइंट दीपस्तंभ

8	पश्चिम बंगाल	तजपुर दीपस्तंभ, दरियापुर दीपस्तंभ, सागर द्वीप दीपस्तंभ
9	महाराष्ट्र	उत्तन पॉइंट दीपस्तंभ, कोरलाई फोर्ट दीपस्तंभ, जयगढ़ दीपस्तंभ, रत्नागिरी दीपस्तंभ, वेंगुर्ला पॉइंट दीपस्तंभ, केल्शी दीपस्तंभ
10	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	नॉर्थ पॉइंट दीपस्तंभ, कीटिंग पॉइंट दीपस्तंभ।

*****